पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 22, 1945
बुधवार, दिसंबर 13, 2023

हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग की टीम जिसने 'मिशन अंटार्कटिका' सफलतापूर्वक पूर्ण किया था, रक्षा राज्य मंत्री ने उनका स्वागत किया

टीम ने सिक्किम में हिमालय के माउंट रेनॉक पर 7,500 वर्ग फुट और 75 किलो के राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाया

अभियान के अंतर्गत दक्षिण ध्रुव की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर तिरंगा प्रदर्शित किया गया

लीक से हटकर की गई इस तरह की पहल युवाओं में साहस और देशभक्ति को बढ़ावा देती है: श्री अजय भट्ट

हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग की टीम जिसने 'मिशन अंटार्कटिका' सफलतापूर्वक पूर्ण किया था, रक्षा राज्य मंत्री ने 13 दिसंबर 2023 को उनका स्वागत किया। 2021 में शुरू हुए इस अभियान को ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में तीन ट्रेकर्स की एक टीम ने पूरा किया था। टीम ने 16,500 फीट की ऊंचाई पर सिक्किम में हिमालय के माउंट रेनॉक पर 7,500 वर्ग फुट और 75 किलो वजनी राष्ट्रीय ध्वज को फहराया था। इसे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक पहाड़ के ऊपर

फहराए गए सबसे बड़े भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रूप में दर्ज किया गया था। अभियान के दौरान, टीम ने दक्षिणी ध्रुव की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पीक पर तिरंगा भी प्रदर्शित किया।

स्वागत समारोह के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु सेना बाल भारती स्कूल में 7,500 वर्ग फुट के राष्ट्रीय ध्वज का अंतिम प्रदर्शन देखा। इस कार्यक्रम में मेगा रोड शो 'मेरा युवा भारत यात्रा' का समापन भी हुआ, जिसमें सिक्किम में हिमालय (16,000 फीट) की ऊंची चोटियों से लाए गए पवित्र मिट्टी व जल श्री अजय भट्ट को भेंट किये गये ।

सभा को संबोधित करते हुए, रक्षा राज्य मंत्री ने अभियान दल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और इसे युवाओं के बीच साहस और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई अद्भुत पहल बताया। यह उल्लेख करते हुए कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृत काल में प्रवेश कर चुका है, उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि वे इस महान यात्रा का हिस्सा बनें और राष्ट्र को विकसित भारत बनाएं।

श्री अजय भट्ट ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मेहनत से पढ़ाई करें तथा समग्र विकास के लिए पाठ्येतर गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लें। उन्होंने छात्रों से 'खेलो इंडिया' और 'मेरा युवा भारत' जैसी सरकार की पहलों में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वायु सेना बाल भारती स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ सिविल और सैन्य अधिकारी, छात्र, अभिभावक और स्कूल संकाय उपस्थित थे।

एबीबी/एसएस